<u>2018 का विधेयक सं. 28</u>

राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018

(जैसाकि राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किया जायेगा)

राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 को संशोधित करने के लिए विधेयक।

भारत गणराज्य के उनहत्तरवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.- (1) इस अधिनियम का नाम राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2018 है।

(2) अन्यथा यथा उपबंधित के सिवाय, इस अधिनियम के उपबंध उस तारीख को प्रवृत्त होंगे जो राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे:

परन्तु इस अधिनियम के भिन्न-भिन्न उपबंधों के लिए भिन्न-भिन्न तारीखें नियत की जा सकेंगी और इस अधिनियम के प्रारंभ के ऐसे किसी उपबंध में के किसी निर्देश का अर्थान्वयन उस उपबंध के प्रवृत्त होने के प्रति निर्देश के रूप में किया जायेगा।

2. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 2 का संशोधन.- राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017, जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 2 में,-

(क) खण्ड (4) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "अपील प्राधिकारी और अपील अधिकरण" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "अपील प्राधिकारी, अपील अधिकरण और धारा 171 की उप-धारा (2) में निर्दिष्ट प्राधिकारी" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ख) खण्ड (16) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमाशुल्क बोर्ड" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ग) खण्ड (17) के विद्यमान उप-खण्ड (ज) के स्थान पर निम्नलिखित उप-खण्ड प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(ज) किसी घुड़दौड़ क्लब के, योगक या सट्टेबाज को अनुज्ञप्ति के माध्यम से, क्रियाकलाप या ऐसे क्लब में किसी अनुज्ञप्तिधारी सट्टेबाज के क्रियाकलाप; और";

(घ) विद्यमान खण्ड (18) हटाया जायेगा;

(ड) खण्ड (35) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "खण्ड (ग)" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "खण्ड (ख)" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(च) खण्ड (69) के उप-खण्ड (च) में विद्यमान अभिव्यक्ति "अनुच्छेद 371" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" से पूर्व, अभिव्यक्ति "और अनुच्छेद 371ञ" अन्त:स्थापित की जायेगी; और

(छ) खण्ड (102) में, निम्नलिखित स्पष्टीकरण जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"**स्पष्टीकरण.-** शंकाओं के निराकरण के लिए इसके द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि अभिव्यक्ति "सेवाओं" में प्रतिभूतियों में संव्यवहारों को सुकर बनाना या उनकी व्यवस्था करना सम्मिलित है;"।

3. **2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 7 का संशोधन.-** मूल अधिनियम की धारा 7 में, 1 जुलाई, 2017 से,-

(क) उप-धारा (1) में,-

(i) खण्ड (ख) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "हों या नहीं;" के पश्चात्, शब्द "और" अंत:स्थापित किया जायेगा और सदैव अंत:स्थापित किया गया समझा जायेगा;

(ii) खण्ड (ग) में, अन्त में आयी विद्यमान अभिव्यक्ति "; और" के स्थान पर, विराम चिह्न "।" प्रतिस्थापित किया जायेगा और सदैव प्रतिस्थापित किया गया समझा जायेगा; और

(iii) विद्यमान खण्ड (घ) हटाया जायेगा और सदैव हटाया गया समझा जायेगा;

(ख) विद्यमान उप-धारा (1) के पश्चात् और विद्यमान उप-धारा (2) से पूर्व, निम्नलिखित उप-धारा अंत:स्थापित की जायेगी और सदैव अंत:स्थापित की गयी समझी जायेगी, अर्थात्:-

"(1क) जहां कतिपय क्रियाकलाप या संव्यवहार उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार कोई प्रदाय गठित करते हैं, उन्हें अनुसूची 2 में यथानिर्दिष्ट या तो माल के प्रदाय या सेवा के प्रदाय के रूप में माना जायेगा।"; और

(ग) उप-धारा (3) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "उप-धारा (1) और उप-धारा (2)" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "उप-धारा (1), (1क) और (2)" प्रतिस्थापित की जायेगी।

4. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 9 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (4) के स्थान पर निम्नलिखित उप-धारा प्रतिस्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"(4) सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों का एक वर्ग विनिर्दिष्ट कर सकेगी, जो किसी अरजिस्ट्रीकृत प्रदायकर्ता से प्राप्त माल या सेवाओं या दोनों के विनिर्दिष्ट प्रवर्गों के प्रदाय के संबंध में ऐसे माल या सेवाओं या दोनों के प्राप्तिकर्ता के रूप में प्रतिलोम प्रभार के आधार पर कर संदत्त करेंगे और इस अधिनियम के सभी उपबंध ऐसे प्राप्तिकर्ता को इस प्रकार लागू होंगे मानो वह ऐसा व्यक्ति है जो ऐसे माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के संबंध में कर का संदाय करने के लिए दायी है।"।

5. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 10 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 10 में,-

(क) उप-धारा (1) में-

(i) विद्यमान अभिव्यक्ति "उसके द्वारा संदेय कर के स्थान पर, ऐसी दर पर," के स्थान पर, अभिव्यक्ति "धारा 9 की उप-धारा (1) के अधीन उसके द्वारा संदेय कर के स्थान पर, ऐसी दर पर," प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) परन्तुक में, विद्यमान अभिव्यक्ति "एक करोड़ रुपये" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "एक करोड़ पचास लाख रुपये" प्रतिस्थापित की जायेगी और अन्त में आये विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा; और

(iii) इस प्रकार संशोधित परन्तुक के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु यह और कि कोई व्यक्ति, जो खण्ड (क) या खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन कर का संदाय करने का विकल्प लेता है, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में राज्य में पण्यावर्त के दस प्रतिशत से अनधिक के मूल्य या पांच लाख रुपए, जो भी अधिक हो, की सेवा (अनुसूची 2 के पैरा 6 के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट सेवाओं से भिन्न) का प्रदाय कर सकेगा।"; और

(ख) उप-धारा (2) में, विद्यमान खण्ड (क) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(क) उप-धारा (1) में यथा उपबंधित के सिवाय, वह सेवाओं के प्रदाय में नहीं लगा हुआ है;"।

6. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 12 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 12 की उप-धारा (2) के खण्ड (क) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "की उप-धारा (1)" हटायी जायेगी।

7. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 13 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (2) में, खण्ड (क) और (ख) में आयी विद्यमान अभिव्यक्ति "की उप-धारा (2)" हटायी जायेगी।

8. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 16 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 16 की उप-धारा (2) में,-

(क) खण्ड (ख) में, विद्यमान स्पष्टीकरण के स्थान पर निम्नलिखित स्पष्टीकरण प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"**स्पष्टीकरण.-** इस खण्ड के प्रयोजनों के लिए यह समझा जायेगा कि रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति ने माल या, यथास्थिति, सेवा प्राप्त कर ली है-

(i) जहां प्रदायकर्ता द्वारा, रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति के निदेश पर किसी प्राप्तिकर्ता को या ऐसे किसी अन्य व्यक्ति को, चाहे वह अभिकर्ता के रूप में या अन्यथा कार्य कर रहा हो, माल के संचलन पूर्व या उसके दौरान माल पर हक के दस्तावेजों के अंतरण द्वारा या अन्यथा, माल परिदत्त कर दिया जाता है;

(ii) जहां प्रदायकर्ता द्वारा ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति के निदेश पर और उसके मद्धे किसी व्यक्ति को सेवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं।"; और

(ख) खण्ड (ग) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 41" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "धारा 41 या धारा 43क" प्रतिस्थापित की जायेगी।

9. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 17 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 17 में,-

(क) उप-धारा (3) में, निम्नलिखित स्पष्टीकरण जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"**स्पष्टीकरण.-** इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए अभिव्यक्ति "छूट-प्राप्त प्रदाय का मूल्य" में, अनुसूची 3 के पैरा 5 में विनिर्दिष्ट के सिवाय, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों या संव्यवहारों का मूल्य सम्मिलित नहीं होगा।";

(ख) उप-धारा (5) में, खण्ड (क) और (ख) के स्थान पर, निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किये जायेंगे, अर्थात्:-

"(क) व्यक्तियों के परिवहन के लिए तेरह से अनधिक (चालक सहित) की अनुमोदित बैठक क्षमता वाले मोटर यान, सिवाय तब के जब उनका उपयोग निम्नलिखित कराधेय प्रदायों को करने के लिए किया जाता है, अर्थात्:-

(क) ऐसे मोटर यानों का और प्रदाय; या

(ख) यात्रियों का परिवहन; या

(ग) ऐसे मोटर यानों का चालन प्रशिक्षण देना;

(कक) जलयान और वायुयान, सिवाय तब के जब उनका उपयोग-

(i) निम्नलिखित कराधेय प्रदायों को करने के लिए किया जाता है, अर्थात्:-

(क) ऐसे जलयान और वायुयान का और प्रदाय; या

(ख) यात्रियों का परिवहन; या

(ग) ऐसे जलयान का नौचालन प्रशिक्षण देना; या

(घ) ऐसे वायुयान का उड़ान प्रशिक्षण देना;

(ii) माल के परिवहन के लिए किया जाता है;

(कख) साधारण बीमा, मोटर यानों की सर्विसिंग, मरम्मत और रखरखाव की सेवाएं, जहां तक कि वे खण्ड (क) या खण्ड (कक) में निर्दिष्ट मोटर यान, जलयान या वायुयान से संबंधित हैं:

परन्तु ऐसी सेवाओं के संबंध में इनपुट कर प्रत्यय वहां उपलब्ध होगा-

(i) जहां खण्ड (क) या खण्ड (कक) में निर्दिष्ट मोटर यान, जलयान या वायुयान का उपयोग उनमें विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए किया जाता है;

(ii) जहां ऐसे किसी कराधेय व्यक्ति द्वारा प्राप्त किया जाता है, जो-

(I) ऐसे मोटर यान, जलयान या वायुयान के विनिर्माण में लगा हुआ है; या

(II) उसके द्वारा बीमाकृत ऐसे मोटर यान, जलयान या वायुयान के संबंध में साधारण बीमा सेवाओं के प्रदाय में लगा हुआ है;

(ख) माल या सेवाओं या दोनों के निम्नलिखित प्रदाय के लिए-

(i) खाद्य और पेय पदार्थ, बाह्य खानपान, सौंदर्य उपचार, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रसाधन और प्लास्टिक शल्य चिकित्सा, खण्ड (क) या खण्ड (कक) में निर्दिष्ट मोटर यान, जलयान या वायुयान का पट्टे, किराये या भाड़े पर दिया जाना, सिवाय तब के जब उनका उपयोग उनमें विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए किया जाता है, जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा:

परन्तु ऐसे माल या सेवाओं या दोनों के संबंध में इनपुट कर प्रत्यय वहां उपलब्ध होगा जहां ऐसे माल या सेवाओं या दोनों के आवक प्रदाय का उपयोग किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा उसी प्रवर्ग के माल या सेवाओं या दोनों का जावक कराधेय प्रदाय करने के लिए या कराधेय संयुक्त या मिश्रित प्रदाय के एक कारक के रूप में किया जाता है;

(ii) किसी क्लब, स्वास्थ्य और फिटनेस केंद्र की सदस्यता; और

(iii) कर्मचारियों को प्रावकाश पर दिये जाने वाले यात्रा संबंधी फायदे, जैसेकि छुट्टी या गृह यात्रा रियायत:

परन्तु ऐसे माल या सेवाओं या दोनों के संबंध में इनपुट कर प्रत्यय तब ही उपलब्ध होगा, जब किसी नियोक्ता के लिए अपने कर्मचारियों को, तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन, उसे उपलब्ध कराना बाध्यकर हो।"।

10. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 20 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 20 के स्पष्टीकरण के खण्ड (ग) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "प्रविष्टि 84" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "प्रविष्टि 84 तथा 92क" प्रतिस्थापित की जायेगी।

11. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 22 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 22 में,-

(क) उप-धारा (1) के परन्तुक में अन्त में आये विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित परन्तुक के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु यह और कि जहां ऐसा व्यक्ति, किसी विशेष प्रवर्ग के राज्य से, जिसके संबंध में केन्द्रीय सरकार ने प्रथम परन्तुक में निर्दिष्ट संकलित पण्यावर्त में वृद्धि की है, माल या सेवाओं या दोनों का कराधेय प्रदाय करता है, वह रजिस्ट्रीकृत किये जाने का दायी होगा यदि किसी वित्तीय वर्ष में उसका संकलित पण्यावर्त ऐसे बढ़ाये गये पण्यावर्त के समतुल्य रकम से अधिक है।"; और

(ख) स्पष्टीकरण के खण्ड (iii) में, विद्यमान शब्द "से" के पश्चात् और अभिव्यक्ति "संविधान के अनुच्छेद" से पूर्व, अभिव्यक्ति "जम्मू-कश्मीर राज्य और अरुणाचल प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, मेघालय, सिक्किम और उत्तराखण्ड राज्यों के सिवाय," अंत:स्थापित की जायेगी।

12. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 24 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 24 के खण्ड (x) में विद्यमान अभिव्यक्ति "वाणिज्य प्रचालक" के पश्चात् और विद्यमान विराम चिह्न ";" से पूर्व, अभिव्यक्ति "जिससे धारा 52 के अधीन स्रोत पर कर संग्रहण की अपेक्षा है" अंत:स्थापित की जायेगी।

13. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 25 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 25 में,-

(क) उप-धारा (1) के परन्तुक में अन्त में आये विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित परन्तुक के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु यह और कि किसी ऐसे व्यक्ति, जिसके पास किसी विशेष आर्थिक जोन में विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 (2005 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 28) में यथापरिभाषित कोई यूनिट है, या जो विशेष आर्थिक जोन विकासकर्ता है, को पृथक् रजिस्ट्रीकरण के लिए

आवेदन करना होगा, जो राज्य में विशेष आर्थिक जोन के बाहर अवस्थित उसके कारबार के स्थान से सुभिन्न है।"; और

(ख) उप-धारा (2) के विद्यमान परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु राज्य में कारबार के बहुल स्थान रखने वाले व्यक्ति को, ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित की जायें, कारबार के ऐसे प्रत्येक स्थान के लिए पृथक् रजिस्ट्रीकरण मंजूर किया जा सकेगा।"।

14. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 29 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 29 में,-

(क) शीर्षक में, विद्यमान शब्द "रद्दकरण" के पश्चात्, अभिव्यक्ति "या निलंबन" अंत:स्थापित की जायेगी;

(ख) उप-धारा (1) के खण्ड (ग) में, विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित खण्ड (ग) के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के संबंध में फाइल की गयी कार्यवाहियों के लंबित रहने के दौरान, रजिस्ट्रीकरण को ऐसी कालावधि के लिए और ऐसी रीति से, जो विहित की जाएं, निलंबित किया जा सकेगा।"; और

(ग) उप-धारा (2) के परन्तुक में, विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित परन्तुक के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु यह और कि रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के संबंध में कार्यवाहियों के लंबित रहने के दौरान, समुचित अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण को ऐसी कालावधि के लिए और ऐसी रीति से, जो विहित की जायें, निलंबित कर सकेगा।"।

15. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 34 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 34 में,-

(क) उप-धारा (1) में,-

(i) विद्यमान अभिव्यक्ति "कोई कर बीजक जारी किया गया है और उस कर बीजक में प्रभावित कराधेय मूल्य या कर ऐसे प्रदाय के संबंध में कराधेय मूल्य या संदेय कर से अधिक पाया जाता है या जहां प्रदायकर्ता द्वारा" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "एक या अधिक कर बीजक जारी किये गये हैं और उन कर बीजकों में प्रभावित कराधेय मूल्य या कर ऐसे प्रदाय के संबंध में कराधेय मूल्य या संदेय कर से अधिक पाया जाता है या जहां प्राप्तिकर्ता द्वारा" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ii) विद्यमान अभिव्यक्ति "व्यक्ति जिसमें ऐसा माल या सेवाएं या दोनों का प्रदाय किया है प्रदायकर्ता को ऐसी विशिष्टियों, जो विहित की जाएं, से अंतर्विष्ट जमा पत्र जारी कर सकेगा" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "व्यक्ति जिसने ऐसे माल या सेवाओं या दोनों का प्रदाय किया है प्राप्तिकर्ता को वित्तीय वर्ष में किये गये प्रदाय के लिए एक या अधिक जमा पत्र जारी कर सकेगा, जिनमें ऐसी विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, जो विहित की जाएं" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ख) उप-धारा (3) में,-

(i) विद्यमान अभिव्यक्ति "कोई कर बीजक जारी किया गया है और उस कर बीजक में" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "एक या अधिक कर बीजक जारी किये गये हैं और उन कर बीजकों में" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ii) विद्यमान अभिव्यक्ति "प्राप्तिकर्ता को ऐसी विशिष्टियों जो विहित की जाएं, से अंतर्विष्ट नामे नोट जारी करेगा" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "प्राप्तिकर्ता को वित्तीय वर्ष में किये गये प्रदाय के लिए एक या अधिक नामे नोट जारी करेगा, जिनमें ऐसी विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, जो विहित की जाएं" प्रतिस्थापित की जायेगी।

16. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 35 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 35 की उप-धारा (5) में, विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित उप-धारा (5) के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु इस उप-धारा में अंतर्विष्ट कोई भी बात, केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार के किसी विभाग या किसी स्थानीय प्राधिकारी पर लागू नहीं होगी, जिसकी लेखाबहियां, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन किसी स्थानीय प्राधिकारी के लेखाओं की संपरीक्षा के लिए नियुक्त किसी लेखापरीक्षक द्वारा संपरीक्षा किये जाने के अध्यधीन हैं।"।

17. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 39 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 39 में,-

(क) उप-धारा (1) में,-

(i) विद्यमान अभिव्यक्ति "ऐसे प्ररूप और रीति से जो विहित की जाए" के स्थान पर अभिव्यक्ति "ऐसे प्ररूप में, ऐसी रीति से और ऐसे समय के भीतर-भीतर, जैसाकि विहित किया जाए" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) विद्यमान अभिव्यक्ति "ऐसी अन्य विशिष्टियां और ऐसे कलैंडर मास या उसके किसी भाग के उत्तरवर्ती मास के बीसवें दिवस या उससे पूर्व" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "ऐसी अन्य विशिष्टियां, जो विहित की जाएं," प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(iii) अन्त में आये विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित उप-धारा (1) के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के ऐसे कतिपय वर्गों को अधिसूचित कर सकेगी, जो ऐसी शर्तों और रक्षोपायों, जो उसमें विनिर्दिष्ट किये जायें, के अध्यधीन रहते हुए, प्रत्येक तिमाही या उसके भाग के लिए विवरणी देंगे।";

(ख) उप-धारा (7) के अन्त में आये विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित उप-धारा (7) के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के ऐसे कतिपय वर्गों को अधिसूचित कर सकेगी, जो ऐसी शर्तों और रक्षोपायों, जो उसमें विनिर्दिष्ट किये जायें, के अध्यधीन रहते हुए, ऐसी विवरणी देने के लिए उससे अपेक्षित अंतिम तारीख को या उससे पूर्व ऐसी विवरणी के अनुसार, शोध्य कर या उसका कोई भाग सरकार को संदत्त करेंगे।"; और

(ग) उप-धारा (9) में,-

(i) विद्यमान अभिव्यक्ति "उस मास या तिमाही, जिसके दौरान ऐसा लोप या अशुद्ध विशिष्टियां ध्यान में आई हैं, दी जाने वाली विवरणी में ऐसे लोप या अशुद्ध विशिष्टियों का" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "ऐसे लोप या अशुद्ध विशिष्टियों का, ऐसे प्ररूप में और रीति से, जैसाकि विहित किया जाए," प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ii) परन्तुक में विद्यमान अभिव्यक्ति "वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् सितंबर मास के लिए या वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् दूसरी तिमाही के लिए या सुसंगत वार्षिक विवरणी देने की वास्तविक तारीख जो भी पूर्वतर हो, के लिए विवरणी देने की नियत तारीख के पश्चात्" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "वित्तीय वर्ष, जिससे ऐसे ब्यौरे संबंधित हैं, की समाप्ति के पश्चात् सितंबर मास के लिए, या दूसरी तिमाही के लिए, विवरणी देने की नियत तारीख या सुसंगत वार्षिक विवरणी देने की वास्तविक तारीख, जो भी पूर्वतर हो, के पश्चात्" प्रतिस्थापित की जायेगी।

18. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 में नयी धारा 43क का अंत:स्थापन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 43 के पश्चात् और विद्यमान धारा 44 से पूर्व, निम्नलिखित नयी धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"**43क. विवरणी देने और इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग करने की प्रक्रिया.-** (1) धारा 16 की उप-धारा (2), धारा 37 या धारा 38 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, धारा 39 की उप-धारा (1) के अधीन दी गयी विवरणियों में, प्रदायकर्ताओं द्वारा किये गये प्रदायों के ब्यौरे को सत्यापित, विधिमान्य, उपांतरित करेगा या उन्हें हटायेगा।

(2) धारा 41, धारा 42 या धारा 43 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, प्राप्तिकर्ता द्वारा इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग करने और उसके सत्यापन की प्रक्रिया ऐसी होगी, जो विहित की जाए।

(3) प्राप्तिकर्ता द्वारा इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग करने के प्रयोजनों के लिए, सामान्य पोर्टल पर प्रदायकर्ता द्वारा जावक प्रदायों के ब्यौरे देने की प्रक्रिया ऐसी होगी, जो विहित की जाए।

(4) उप-धारा (3) के अधीन नहीं दिये गये जावक प्रदायों के संबंध में इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग करने की प्रक्रिया ऐसी होगी, जो विहित की जाए और ऐसी प्रक्रिया में उक्त उप-धारा के अधीन प्रदायकर्ताओं द्वारा दिये गये ब्यौरे के आधार पर, उपलब्ध इनपुट कर प्रत्यय के बीस प्रतिशत से अनधिक इनपुट कर प्रत्यय की ऐसी अधिकतम रकम सम्मिलित हो सकेगी जिसका इस प्रकार उपभोग किया जा सकता है।

(5) ऐसे जावक प्रदायों में विनिर्दिष्ट कर की रकम, जिसके लिए प्रदायकर्ता द्वारा उप-धारा (3) के अधीन ब्यौरे दिये गये हैं, अधिनियम के उपबंधों के अधीन उसके द्वारा संदेय कर के रूप में मानी जायेगी।

(6) किसी प्रदाय का प्रदायकर्ता और प्राप्तिकर्ता, संयुक्ततः और पृथक्तः, जावक प्रदाय, जिनके ब्यौरे उप-धारा (3) या उप-धारा (4) के अधीन दिये गये हैं, किन्तु जिनकी विवरणी नहीं दी गयी है, के संबंध में कर संदत्त करने या, यथास्थिति, उपभोग किये गये इनपुट कर प्रत्यय संदत्त करने के लिए दायी होंगे।

(7) उप-धारा (6) के प्रयोजनों के लिए, वसूली ऐसी रीति से की जायेगी, जो विहित की जाए और ऐसी प्रक्रिया में गलत तरीके से उपभोग की गयी एक हजार रुपए से अनधिक कर या इनपुट कर प्रत्यय की रकम की वसूली न करने का उपबंध किया जा सकेगा।

(8) ऐसे जावक प्रदायों, जिनके ब्यौरे किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा उप-धारा (3) के अधीन दिये जा सकते हैं, के संबंध में प्रक्रिया, रक्षोपाय और कर की रकम की सीमा,-

(i) रजिस्ट्रीकरण प्राप्त करने के छह मास के भीतर-भीतर;

(ii) जिसने कर के संदाय में व्यतिक्रम किया है और जहां ऐसा व्यतिक्रम, व्यतिक्रम की रकम के संदाय की नियत तारीख से दो मास से अधिक के लिए जारी रहता है,

ऐसी होगी, जो विहित की जाए।"।

19. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 48 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 48 की उप-धारा (2) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 45 के अधीन विवरणी को ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "धारा 45 के अधीन विवरणी देने और ऐसे अन्य कृत्यों का पालन करने के लिए, जैसाकि विहित किया जाये, प्राधिकृत कर सकेगा" प्रतिस्थापित की जायेगी।

20. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 49 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 49 में,-

(क) उप-धारा (2) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 41" के स्थान पर, "धारा 41 या धारा 43क" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ख) उप-धारा (5) में,-

(i) खण्ड (ग) में, विद्यमान विराम चिह्न ";" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित खण्ड (ग) के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु राज्य कर के मद्धे इनपुट कर प्रत्यय का उपयोग एकीकृत कर के संदाय के प्रति केवल वहां किया जायेगा, जहां केन्द्रीय कर के मद्धे इनपुट कर प्रत्यय का अतिशेष एकीकृत कर के संदाय के लिए उपलब्ध नहीं है;"; और

(ii) खण्ड (घ) में, विद्यमान विराम चिह्न ";" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित खण्ड (घ) के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु संघ राज्यक्षेत्र कर के मद्धे इनपुट कर प्रत्यय का उपयोग एकीकृत कर के संदाय के प्रति केवल वहां किया जायेगा, जहां केन्द्रीय कर के मद्धे इनपुट कर प्रत्यय का अतिशेष एकीकृत कर के संदाय के लिए उपलब्ध नहीं है;"।

21. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 में नयी धाराएं 49क एवं 49ख का अंत:स्थापन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 49 के पश्चात् और विद्यमान धारा 50 से पूर्व, निम्नलिखित धाराएं अंत:स्थापित की जायेंगी, अर्थात्:-

"**49क. कतिपय शर्तों के अध्यधीन इनपुट कर प्रत्यय का उपयोग.-** धारा 49 में किसी बात के होते हुए भी, राज्य कर के मद्धे, इनपुट कर प्रत्यय का उपयोग, एकीकृत कर या, यथास्थिति, राज्य कर के संदाय के प्रति, केवल तब किया जायेगा जब एकीकृत कर के मद्धे उपलब्ध इनपुट कर प्रत्यय के ऐसे संदाय के प्रति पूर्णत: उपयोग कर लिया गया है।

49ख. इनपुट कर प्रत्यय के उपयोग का क्रम.- इस अध्याय में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी और धारा 49 की उप-धारा (5) के खण्ड (ङ) और खण्ड (च) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, एकीकृत कर, केन्द्रीय कर, राज्य कर या, यथास्थिति, संघ राज्यक्षेत्र कर के मद्धे इनपुट कर प्रत्यय का, ऐसे किसी कर के संदाय के प्रति उपयोग किये जाने के क्रम और रीति को विहित कर सकेगी।"।

22. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 52 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 52 की उप-धारा (9) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 37" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "धारा 37 या धारा 39" प्रतिस्थापित की जायेगी।

23. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 54 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 54 में,-

(क) उप-धारा (8) के खण्ड (क) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "शून्य अंकित माल या सेवाओं या दोनों या इनपुट या इनपुट सेवाओं जिनका उपयोग ऐसे शून्य अंकित प्रदायों के लिए किया गया है, पर संदत्त कर" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "माल या सेवाओं या दोनों के निर्यात पर, या इनपुट या इनपुट सेवाओं जिनका उपयोग ऐसे निर्यात के लिए किया गया है पर, संदत्त कर" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ख) स्पष्टीकरण के खण्ड (2) में,-

(i) उप-खण्ड (ग) की मद (i) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "विदेशी मुद्रा में" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "संदाय की प्राप्ति" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या भारतीय रुपए में, जहां कहीं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमति दी जाये," अंत:स्थापित की जायेगी;

(ii) विद्यमान उप-खण्ड (ङ) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(ङ) उप-धारा (3) के प्रथम परन्तुक के खण्ड (ii) के अधीन उपयोग न किये गये इनपुट कर प्रत्यय के प्रतिदाय की दशा में, उस कालावधि के लिए, जिसमें ऐसे प्रतिदाय के लिए दावा उद्भूत होता है, धारा 39 के अधीन विवरणी देने की नियत तारीख;"।

24. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 79 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 79 में, विद्यमान उप-धारा (4) के पश्चात् निम्नलिखित स्पष्टीकरण जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"**स्पष्टीकरण.-** इस धारा के प्रयोजनों के लिए शब्द "व्यक्ति" में, धारा 25 की उप-धारा (4) या, यथास्थिति, उप-धारा (5) में यथानिर्दिष्ट "सुभिन्न व्यक्ति" सम्मिलित होंगे।"।

25. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 107 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 107 की उप-धारा (6) के खण्ड (ख) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "बराबर राशि का" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "संदाय नहीं किया गया हो" से पूर्व, अभिव्यक्ति ", अधिकतम पच्चीस करोड़ रुपए के अध्यधीन रहते हुए," अंत:स्थापित की जायेगी।

26. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 112 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 112 की उप-धारा (8) के खण्ड (ख) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "बराबर राशि" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "संदत्त न कर दी" से पूर्व, अभिव्यक्ति ", अधिकतम पचास करोड़ रुपए के अध्यधीन रहते हुए," अंत:स्थापित की जायेगी।

27. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 129 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 129 की उप-धारा (6) में, जहां कहीं भी अभिव्यक्ति "सात दिवस" आयी है उसके स्थान पर, अभिव्यक्ति "चौदह दिवस" प्रतिस्थापित की जायेगी।

28. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 143 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (1) के विद्यमान खण्ड (ख) के परन्तुक में अन्त में आये विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और इस प्रकार संशोधित परन्तुक के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु यह और कि पर्याप्त हेतुक दर्शित किये जाने पर, आयुक्त द्वारा एक वर्ष और तीन वर्ष की कालावधि को, क्रमश: एक वर्ष और दो वर्ष से अनधिक की और कालावधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।"।

29. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की अनुसूची 1 का संशोधन.- मूल अधिनियम की अनुसूची 1 के पैरा 4 में, विद्यमान अभिव्यक्ति "कराधेय व्यक्ति" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "व्यक्ति" प्रतिस्थापित की जायेगी।

30. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की अनुसूची 2 का संशोधन.- मूल अधिनियम की अनुसूची 2 के शीर्षक में, विद्यमान शब्द "क्रियाकलापों" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "को माल" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या संव्यवहारों" अंत:स्थापित की जायेगी और 1 जुलाई, 2017 से अंत:स्थापित की हुई समझी जायेगी।

31. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की अनुसूची 3 का संशोधन.- मूल अधिनियम की अनुसूची 3 में,-

(i) विद्यमान पैरा 6 के पश्चात् और विद्यमान स्पष्टीकरण से पूर्व, निम्नलिखित पैरा अंत:स्थापित किये जायेंगे, अर्थात्:-

"7. भारत के बाहर किसी स्थान से, भारत के बाहर किसी अन्य स्थान पर, भारत में माल के प्रवेश किये बिना, ऐसे माल का प्रदाय।

8. (क) घरेलू उपभोग के लिए अनुमति प्रदान किये जाने से पूर्व किसी व्यक्ति को भांडागारित माल का प्रदाय।

(ख) परेषिती द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को, भारत से बाहर स्थित आरम्भ पत्तन से माल के प्रेषण किये जाने के पश्चात् किंतु घरेलू उपभोग के लिए अनुमति दिये जाने से पूर्व माल पर हक के दस्तावेजों के पृष्ठांकन द्वारा, माल का प्रदाय।";

(ii) विद्यमान स्पष्टीकरण को, स्पष्टीकरण 1 के रूप में पुन:संख्यांकित किया जायेगा और इस प्रकार पुन:संख्यांकित स्पष्टीकरण 1 के पश्चात् निम्नलिखित स्पष्टीकरण जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"**स्पष्टीकरण 2.-** पैरा 8 के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति "भांडागारित माल" का वही अर्थ होगा, जो उसको सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 52) में समनुदेशित किया गया है।"।

उद्देश्यों और कारणों का कथन

राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 को, राजस्थान राज्य द्वारा माल या सेवाओं या दोनों के राज्य के भीतर प्रदाय पर कर के उद्ग्रहण और संग्रहण के लिए उपबंध करने के दृष्टिकोण से अधिनियमित किया गया था।

उक्त अधिनियम विद्यमान करदाताओं के लिए नयी माल और सेवा कर व्यवस्था में सुचारु संक्रमण के लिए कतिपय उपबंधों का उपबंध करता है। तथापि, नयी कर व्यवस्था ने कतिपय कठिनाइयों का सामना किया है। करदाताओं, विशेष रूप से लघु और मध्यम उद्यमों को हुई मुख्य असुविधाओं में से एक माल और सेवा कर विधियों के अधीन विवरणी फाइल करने और कर का संदाय करने की प्रक्रिया थी। इस संबंध में, विवरणी फाइल करने की प्रस्तावित नयी प्रणाली में, न्यूनतम कागजी कार्रवाई के साथ ही लघु करदाताओं के लिए त्रैमासिक रूप से विवरणी फाइल करने और कर का संदाय करने की परिकल्पना की गयी है। विवरणी फाइल करने की नयी प्रणाली को क्रियान्वित करने के लिए, और उपरोक्त कठिनाइयों को दूर करने के लिए भी राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 को संशोधित किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018, अन्य बातों के साथ, निम्नलिखित के लिए उपबंध करता है, अर्थात्:-

(i) प्रदाय की परिधि को स्पष्ट करने के लिए अधिनियम की धारा 7 को संशोधित करना;

(ii) राज्य सरकार को, ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के वर्गों को, जो अरजिस्ट्रीकृत प्रदायकर्ताओं से कतिपय विनिर्दिष्ट श्रेणियों के माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय की प्राप्ति के संबंध में प्रतिलोम प्रभार के आधार पर कर संदत्त करेंगे, अधिसूचित करने हेतु सशक्त करने के लिए अधिनियम की धारा 9 को संशोधित करना;

(iii) प्रशमन उद्ग्रहण की सीमा को एक करोड़ रूपए से बढ़ाकर एक करोड़ पचास लाख रुपए किये जाने के लिए अधिनियम की धारा 10 को संशोधित करना;

(iv) इनपुट कर प्रत्यय की परिधि को विनिर्दिष्ट करने के लिए अधिनियम की धारा 17 को संशोधित करना;

(v) विशेष प्रवर्ग के राज्यों में रजिस्ट्रीकरण के लिए छूट की सीमा को दस लाख रुपए से बढ़ाकर बीस लाख रुपए किये जाने के लिए अधिनियम की धारा 22 को संशोधित करना;

(vi) करदाता को, उसी राज्य या संघ राज्यक्षेत्र में अवस्थित कारबार के बहुल स्थानों के लिए बहुल रजिस्ट्रीकरण अभिप्राप्त करने का विकल्प प्रदान करके सुविधा प्रदान करने और विशेष आर्थिक जोन यूनिट या विकासकर्ता के लिए पृथक् रजिस्ट्रीकरण के लिए उपबंध किये जाने हेतु अधिनियम की धारा 25 को संशोधित करना;

(vii) रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण की प्रक्रिया के जारी रहने के दौरान रजिस्ट्रीकरण के अस्थायी निलंबन के लिए उपबंध अंत:स्थापित किये जाने के लिए अधिनियम की धारा 29 को संशोधित करना;

(viii) विवरणी फाइल करने और इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग करने की नयी प्रणाली के लिए उपबंध किये जाने हेतु एक नयी धारा 43क अंत:स्थापित करना;

(ix) अपील फाइल करने के लिए संदेय पूर्व जमा की रकम की अधिकतम सीमा को पच्चीस करोड़ रुपए तक नियत किये जाने का उपबंध करने के लिए अपील से संबंधित अधिनियम की धारा 107 की उप-धारा (6) को संशोधित करना;

(x) माल का निरोध या अभिग्रहण तथा अभिवहन में प्रवहण से संबंधित कालावधि को सात दिवस से बढ़ाकर चौदह दिवस किये जाने के लिए अधिनियम की धारा 129 को संशोधित करना।

यह विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ईप्सित है।

अत: विधेयक प्रस्तुत है।

वसुन्धरा राजे,
प्रभारी मंत्री।

संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (1) और (3) के अधीन माननीय राज्यपाल महोदय की सिफारिश

(क्रमांक: प.2(36)विधि/2/2018 जयपुर, दिनांक 04.09.2018

प्रेषक: श्रीमती वसुन्धरा राजे, प्रभारी मंत्री, प्रेषिती: सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर)

राजस्थान राज्य के राज्यपाल महोदय ने राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018 की विषयवस्तु से अवगत होने के पश्चात् भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (1) और (3) के अधीन उक्त विधेयक को राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किये जाने और विचारार्थ लिये जाने की सिफारिश की है।

वित्तीय ज्ञापन

प्रस्तावित राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018 में राजस्थान की संचित निधि से कोई आवर्ती या अनावर्ती व्यय अंतर्वलित नहीं है।

वसुन्धरा राजे,
प्रभारी मंत्री।

प्रत्यायोजित विधान संबंधी ज्ञापन

विधेयक का खण्ड 13, राज्य सरकार को, राज्य में कारबार के बहुल स्थान रखने वाले व्यक्तियों को कारबार के ऐसे प्रत्येक स्थान के लिए पृथक् रजिस्ट्रीकरण अभिप्राप्त करने हेतु अनुज्ञात करने के लिए प्रक्रिया विहित करने हेतु, सशक्त करता है।

विधेयक का खण्ड 14, राज्य सरकार को, रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण की प्रक्रिया के दौरान रजिस्ट्रीकरण का निलंबन करने के लिए प्रक्रिया विहित करने हेतु, सशक्त करता है।

विधेयक का खण्ड 17, राज्य सरकार को, विवरणियां फाइल करने और करों का संदाय करने के लिए प्रक्रिया विहित करने हेतु, सशक्त करता है।

विधेयक का खण्ड 18, राज्य सरकार को, विवरणियां देने और इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग करने की प्रक्रिया विहित करने हेतु, सशक्त करता है।

विधेयक का खण्ड 21, राज्य सरकार को, किन्हीं भी करों के इनपुट कर प्रत्यय का उपयोग किये जाने के क्रम और रीति विहित करने हेतु, सशक्त करता है।

ऐसे मामले, जिनके संबंध में नियम बनाये जा सकेंगे, साधारणतया प्रक्रिया और प्रशासनिक ब्यौरे से संबंधित मामले हैं और विधेयक में ही उनके लिए उपबंध करना व्यवहार्य नहीं है। अतः, विधायी शक्तियों का प्रत्यायोजन सामान्य प्रकृति का है।

वसुन्धरा राजे,

प्रभारी मंत्री।

राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) से लिये गये उद्धरण

XX XX XX XX XX

2. परिभाषाएं.- इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(1) से (3) XX XX XX XX XX

(4) "न्यायनिर्णायक प्राधिकारी" से इस अधिनियम के अधीन कोई आदेश पारित करने या विनिश्चय करने के लिए नियुक्त या प्राधिकृत कोई प्राधिकारी अभिप्रेत है, किन्तु इसमें आयुक्त, पुनरीक्षण प्राधिकारी, अग्रिम विनिर्णय प्राधिकरण, अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण, अपील प्राधिकारी और अपील अधिकरण सम्मिलित नहीं है;

(5) से (15) XX XX XX XX XX

(16) "बोर्ड" से केन्द्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 (1963 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 54) के अधीन गठित केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड अभिप्रेत है;

(17) "कारबार" में निम्नलिखित सम्मिलित है-

(क) से (छ) XX XX XX XX XX

(ज) किसी घुड़दौड़ क्लब द्वारा, योगक के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी सेवाएं या ऐसे क्लब में सट्टेबाज को अनुज्ञप्ति; और

(झ) XX XX XX XX XX

(18) "कारबार शीर्षका" से किसी ऐसे उद्यम का विशिष्ट संघटक अभिप्रेत है, जो ऐसे पृथक्-पृथक् माल या सेवाओं के या ऐसे संबंधित माल या सेवाओं के, समूह के प्रदाय में लगा हुआ है, जो ऐसे जोखिम और प्रत्यागम के अध्यधीन है, जो उन अन्य कारबार शीर्षकाओं से भिन्न है;

स्पष्टीकरण.- इस खण्ड के प्रयोजनों के लिए, ऐसे कारक, जिन पर यह अवधारित करने के लिए विचार किया जाना चाहिए कि क्या ऐसा माल या सेवाएं, जिनसे संबंधित हैं, उसमें निम्नलिखित सम्मिलित है-

(क) माल या सेवाओं की प्रकृति;

(ख) उत्पादन प्रक्रियाओं की प्रकृति;

(ग) माल या सेवाओं के ग्राहकों के प्रकार या वर्ग;

(घ) माल के वितरण या सेवाओं के प्रदाय में प्रयुक्त पद्धतियां; और

(ङ) विनियामक पर्यावरण की प्रकृति (जहां कहीं भी लागू हो), इसके अंतर्गत बैंककारी, बीमा या लोक उपयोगिताएं हैं;

(19) से (34) XX XX XX XX XX

(35) "लागत लेखापाल" से लागत और संकर्म लेखापाल अधिनियम, 1959 (1959 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 23) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खण्ड (ग) में यथापरिभाषित कोई लागत लेखापाल अभिप्रेत है;

(36) से (68) XX XX XX XX XX

(69) "स्थानीय प्राधिकारी" से निम्नलिखित अभिप्रेत हैं-

(क) से (ङ) XX XX XX XX XX

(च) संविधान के अनुच्छेद 371 के अधीन गठित कोई विकास बोर्ड; या

(छ) XX XX XX XX XX

(70) से (101) XX XX XX XX XX

(102) "सेवाओं" से माल, धन और प्रतिभूतियों से भिन्न कुछ भी अभिप्रेत है, किन्तु इसमें धन का उपयोग या नकद या किसी अन्य रीति से एक करेंसी या अंकित मूल्य का किसी अन्य रूप, करेंसी या अंकित मूल्य में उसका ऐसा संपरिवर्तन, जिसके लिए पृथक् प्रतिफल प्रभारित हो, से संबंधित क्रियाकलाप सम्मिलित हैं;

(103) से (120) XX XX XX XX XX

XX XX XX XX XX

7. प्रदाय की परिधि.- (1) इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति "प्रदाय" में निम्नलिखित सम्मिलित हैं-

(क) किसी व्यक्ति द्वारा कारबार के दौरान या उसे अग्रसर करने में किसी प्रतिफल के लिए किया गया या किये जाने के लिए करार पाया गया विक्रय, अंतरण, वस्तु-विनिमय, विनिमय, अनुज्ञप्ति, भाटक, पट्टा या व्ययन जैसे माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के सभी प्ररूप;

(ख) किसी प्रतिफल के लिए सेवाओं का आयात, चाहे वे कारबार के दौरान या उसे अग्रसर करने के लिए हों या नहीं;

(ग) किसी प्रतिफल के बिना किये गये या किये जाने के लिए करार पाए गये अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट क्रियाकलाप; और

(घ) अनुसूची 2 में यथानिर्दिष्ट माल के प्रदाय या सेवाओं के प्रदाय के रूप में माने गये क्रियाकलाप।

(2) XX XX XX XX XX

(3) उप-धारा (1) और उप-धारा (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, ऐसे संव्यवहारों को विनिर्दिष्ट कर सकेगी, जिन्हें-

(क) माल के प्रदाय के रूप में, न कि सेवाओं के प्रदाय के रूप में; या

(ख) सेवाओं के प्रदाय के रूप में, न कि माल के प्रदाय के रूप में,

माना जायेगा।

XX XX XX XX XX

9. उद्ग्रहण और संग्रहण.- (1) से (3) XX XX XX XX XX

(4) किसी ऐसे प्रदायकर्ता द्वारा, जो रजिस्ट्रीकृत नहीं है, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को कराधेय माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के संबंध में राज्य कर, ऐसे व्यक्ति द्वारा प्राप्तिकर्ता के रूप में प्रतिलोम प्रभार के आधार पर संदत्त किया जायेगा और इस अधिनियम के सभी उपबंध ऐसे प्राप्तिकर्ता को इस प्रकार लागू होंगे, मानो वह ऐसा व्यक्ति है जो ऐसे माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के संबंध में कर के संदाय का दायी है।

(5) XX XX XX XX XX

10. प्रशमन उद्ग्रहण.- (1) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, किन्तु धारा 9 की उप-धारा (3) और (4) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, कोई ऐसा रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जिसका पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में संकलित आवर्त पचास लाख रुपये से अधिक नहीं रहा है, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जो विहित किये जाएं, उसके द्वारा संदेय कर के स्थान पर, ऐसी दर पर, जो विहित की जाए, किन्तु जो,-

(क) किसी विनिर्माता की दशा में, राज्य में के आवर्त के एक प्रतिशत से अधिक नहीं होगी;

(ख) अनुसूची 2 के पैरा 6 के खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट प्रदाय करने में लगे व्यक्तियों की दशा में, राज्य में के आवर्त के ढाई प्रतिशत से अधिक नहीं होगी; और

(ग) अन्य प्रदायकर्ताओं की दशा में, राज्य में के आवर्त के आधे प्रतिशत से अधिक नहीं होगी,

संगणित रकम के संदाय का विकल्प चुन सकेगा:

परन्तु सरकार, अधिसूचना द्वारा, पचास लाख रुपये की उक्त सीमा को एक करोड़ रुपये से अनधिक की ऐसी सीमा तक बढ़ा सकेगी, जिसकी परिषद् द्वारा सिफारिश की जाए।

(2) रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, उप-धारा (1) के अधीन विकल्प चुनने का पात्र होगा, यदि-

(क) वह अनुसूची 2 के पैरा 6 के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट प्रदायों से भिन्न सेवाओं के प्रदाय में नहीं लगा हुआ है;

(ख) से (ङ) XX XX XX XX XX

(3) से (5) XX XX XX XX XX

XX XX XX XX XX

12. माल के प्रदाय का समय.- (1) XX XX XX XX XX

(2) माल के प्रदाय का समय निम्नलिखित तारीखों से पूर्वतर होगा, अर्थात्:-

(क) धारा 31 की उप-धारा (1) के अधीन प्रदायकर्ता द्वारा बीजक जारी किये जाने की तारीख या ऐसी अंतिम तारीख, जिसको उससे प्रदाय की बाबत् बीजक जारी करने की अपेक्षा है; या

(ख) XX XX XX XX XX

(3) से (6) XX XX XX XX XX

13. सेवाओं के प्रदाय का समय.- (1) XX XX XX XX XX

(2) सेवाओं के प्रदाय का समय निम्नलिखित तारीखों से पूर्वतर होगा, अर्थात्:-

(क) प्रदायकर्ता द्वारा बीजक जारी किये जाने की तारीख, यदि बीजक धारा 31 की उप-धारा (2) के अधीन विहित कालावधि के भीतर जारी किया जाता है या संदाय प्राप्त करने की तारीख, इनमें से जो भी पूर्वतर हो; या

(ख) सेवा उपलब्ध कराने की तारीख, यदि धारा 31 की उप-धारा (2) के अधीन विहित कालावधि के भीतर बीजक जारी नहीं किया जाता है, या संदाय प्राप्त करने की तारीख, इनमें से जो भी पूर्वतर हो; या

(ग) ऐसे मामले में, जहां खण्ड (क) या खण्ड (ख) में के उपबंध लागू नहीं होते हैं, वह तारीख, जिसको प्राप्तिकर्ता अपनी लेखा बहियों में सेवाओं की प्राप्ति दर्शित करता है:

परन्तु जहां कराधेय सेवा का प्रदायकर्ता, कर बीजक में उपदर्शित रकम से अधिक एक हजार रुपये तक की कोई रकम प्राप्त करता है, वहां प्रदाय का समय, ऐसी आधिक्य रकम के विस्तार तक, उक्त प्रदायकर्ता के विकल्प पर, ऐसी आधिक्य रकम के संबंध में बीजक जारी करने की तारीख होगा।

स्पष्टीकरण.- खण्ड (क) और (ख) के प्रयोजनों के लिए-

(i) प्रदाय को उस सीमा तक किया गया समझा जायेगा, जिस तक वह बीजक या, यथास्थिति, संदाय के अंतर्गत आता है;

(ii) "संदाय प्राप्त करने की तारीख" वह तारीख होगी, जिसको संदाय की प्रविष्टि प्रदायकर्ता की लेखा बहियों में की जाती है या वह तारीख होगी, जिसको उसके खाते में संदाय प्रत्यय किया जाता है, इनमें से जो भी पूर्वतर हो।

(3) से (6) XX XX XX XX XX

XX XX XX XX XX

16. इनपुट कर प्रत्यय लेने के लिए पात्रता और शर्तें.- (1) XX XX XX

(2) उक्त धारा में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, उसको किये गये किसी माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के संबंध में कोई इनपुट कर का प्रत्यय प्राप्त करने का तब तक हकदार नहीं होगा, जब तक,-

(क) XX XX XX XX XX

(ख) वह माल या सेवाएं या दोनों प्राप्त नहीं कर लेता है।

स्पष्टीकरण.- इस खण्ड के प्रयोजन के लिए यह समझा जायेगा कि रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति ने माल प्राप्त कर लिया है, जहां प्रदायकर्ता द्वारा, किसी

